कार्यालय जिला न्यायाधीश, महराजगंज

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पूर्व में निर्गत परिपत्र संख्या–41/Admin. (D) Section Dated 14.04.1980 को अधिक्रमित करते हुए, माननीय उच्च न्यायालय को पूर्व सूचना के अधीन, विभिन्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अन्तर्गत जिला न्यायालयों में उपलब्ध रिक्तियों के प्रति सेवानिवृत्त जिला न्यायालय कर्मियों की पुनर्नियुक्ति किये जाने हेतु नवीन परिपत्र संख्या–14/Admin. 'D' Section Dated: 15.10.2022 निर्गत किया गया है।

उक्त परिपत्र के अनुक्रम में जिला न्यायालय, महराजगंज में वर्तमान में लिपिक सम्वर्ग (समूह 'ग'), आशुलिपिक सम्वर्ग (समूह 'ग'), वाहन चालक सम्वर्ग (समूह 'ग') तथा चतुर्थ श्रेणी सम्वर्ग (समूह 'घ') के रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति हेतु, सेवानिवृत्त जिला न्यायालय कर्मियों से आवेदन–पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं, जिनका विवरण तथा शर्तें एवं प्रतिबन्ध निम्नवत है :–

पुनर्नियुक्ति हेतु रिक्त पदों का विवरण –

क्रम संख्या	पुनर्नियुक्ति हेतु पदनाम	रिक्त पदों की संख्या
1	प्रधान सहायक (समूह 'ग')	03
2	वरिष्ठ सहायक (समूह 'ग')	31
3	कनिष्ठ सहायक (समूह 'ग')	14
4	आशुलिपिक ग्रेड–I (समूह 'ग')	04
5	आशुलिपिक ग्रेड–II (समूह 'ग')	04
6	आशुलिपिक ग्रेड–III (समूह 'ग')	05
7	वाहन चालक ग्रेड–IV (समूह 'ग')	02
8	दफ्तरी (समूह 'घ')	03
9	अर्दली/चपरासी/कार्यालय चपरासी (समूह 'घ')	11

शर्तें एवं प्रतिबन्ध –

1– विज्ञापित पदों की संख्या माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रचलित भर्ती प्रक्रिया एवं जिला स्तर पर प्रचलित पदोन्नति प्रक्रिया के अधीन घट या बढ़ सकती है।

2– पुनर्नियुक्ति के दिनांक को सेवानिवृत्त कर्मी की आयु 65 वर्ष से अनधिक होनी चाहिये।

3– यह पुनर्नियुक्ति, नियुक्ति की तिथि से 01 वर्ष के लिये अथवा पदोन्नति या सीधी भर्ती से उक्त उपलब्ध रिक्तियों के भरे जाने तक अथवा पुनर्नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मी के 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने, जो पहले हो, तक के लिये की जाएगी।

4– माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पुनर्नियुक्त कर्मी को परिलब्धियों के रूप में, अन्तिम आहरित वेतन से पेंशन की धनराशि घटाकर शेष प्रदान की जाएगी। अतएव आवेदक सेवानिवृत्त कर्मी अपने आवेदन–पत्र के साथ पेंशन प्राधिकार–पत्र/पी.पी.ओ. की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करेंगे।

5– यह पुनर्नियुक्ति, सेवानिवृत्त कर्मी के पूर्व कार्यवृत्त अभिलेख एवं चरित्र–पंजिका में अंकित वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर की जाएगी। अतएव अन्य जिला न्यायालयों से सेवानिवृत्त, आवेदक सेवानिवृत्त कर्मी अपने आवेदन–पत्र के साथ पूर्ववर्ती 05 वर्षों में चरित्र–पंजिका में अंकित वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करेंगे।

6– इस पुनर्नियुक्ति हेतु, सेवानिवृत्त कर्मी अपने अवेदन–पत्र के साथ इस आशय का नोटरी शपथ–पत्र कि उनके विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई आपराधिक वाद लम्बित नहीं है और न ही कभी उन्हें किसी आपराधिक मामले में दण्डित अथवा दोषमुक्त किया गया है, संलग्न करेंगे।

7– इस पुनर्नियुक्ति हेतु, सेवानिवृत्त कर्मी अपना आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 23–12–2022 के सायंकाल 04:00 बजे तक प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, जिला न्यायालय, महराजगंज को प्राप्त करा सकते हैं। निर्धारित दिनांक एवं समय के उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

8– इस पुनर्नियुक्ति की प्रक्रिया अथवा पुनर्नियुक्ति पर अन्तिम निर्णय का अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी/जिला न्यायाधीश, महराजगंज को होगा।

(नोट :– माह दिसम्बर, 2022 में सेवानिवृत्त होने वाले न्यायालय कर्मी भी आवेदन–पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।)

इस विज्ञप्ति को सूचनार्थ जिला न्यायालय, महराजगंज एवं बाह्य न्यायालय, फरेन्दा के सूचना–पट्ट तथा जिला न्यायालय, महराजगंज की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाय। साथ ही साथ जिला सूचना अधिकारी, महराजगंज को यथासम्भव सभी दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रति प्रेषित हो।

08.12.2022

दिनांक: 08–12–2022

नियुक्ति प्राधिकारी/जिला न्यायाधीश,
महराजगंज।

आवेदन का प्रारूप

पासपोर्ट साइज
का स्वहस्ताक्षरित
नवीनतम
फोटोग्राफ
चस्पा करें

.. पद हेतु आवेदन–पत्र

1– आवेदक का नाम :

2– पिता का नाम :

3– जन्मतिथि :

4– आवेदन के दिनांक को आयु :

5– अन्तिम धारित पद एवं वेतनमान :

6– सेवानिवृत्ति का दिनांक (पेंशन प्राधिकार–पत्र/पी.पी.ओ. की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करें) :

7– स्थाई पता :

8– पत्राचार का पता :

9– ई–मेल आई.डी. :

10– मोबाइल नम्बर :

11– अन्य जिला न्यायालयों से सेवानिवृत्त आवेदक की पूर्ववर्ती 05 वर्षों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि का विवरण (स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करें) :

10– क्या किसी न्यायालय द्वारा कोई प्रतिकूल टिप्पणी की गई है? यदि हाँ, तो विवरण (नोटरी शपथ–पत्र संलग्न करें) :

दिनांक: ____________ **(आवेदक के हस्ताक्षर)**

घोषणा–पत्र

मैं, प्रमाणित करता हूँ कि वर्तमान में मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ और दिये जाने वाले राजकीय कार्य को करने में सक्षम हूँ। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी शर्तों एवं प्रतिबन्धों का अवलोकन कर लिया है, जो मुझे स्वीकार हैं। आवेदन में अंकित समस्त विवरण तथा संलग्नक सही एवं सत्य हैं तथा मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि कोई सूचना गलत या झूठी पाई जाती है, तो उसका पूर्ण दायित्व मेरा होगा और इस सम्बन्ध में मेरे विरुद्ध की गई कोई कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी।

दिनांक: ____________ **(आवेदक के हस्ताक्षर)**